## एक दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**शेरगढ़, अमृत विचार :** ब्लाक के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों का एक दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक सभागार में शनिवार 7 मार्च को 10 बजे से आयोजित होगा। खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार भारती ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापकों और विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों को बच्चों और विद्यालयों के सर्वांगीण विकास का पाठ पढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापक और एसएमसी अध्यक्ष आवश्यक रूप ब्लॉक सभागार में उपस्थित हो प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा है।

# विधायक मंजूर अहमद के कत्ल का राज 24 साल बाद भी नहीं खुला

संवाददाता, बहेड़ी

- **लखनऊ में गवर्नर हाउस के सामने 6 मार्च 2002 को हुआ था कत्ल**
- **विधायक पुत्र ने बीएसपी से चुनाव लड़ने वाले अताउर रहमान समेत छह लोगों पर दर्ज कराई थी रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** 24 साल गुजर गए, लेकिन विधायक मंजूर अहमद के कत्ल का राज नहीं खुला। वक्त गुज़रा, और उनके क़त्ल की सारी लिखा-पढ़ी फाइलों में दफन होकर रह गई। भले ही अब भी बहेड़ी, इस राज़ के खुलने की टूटी-फूटी उम्मीद लगाए हुए हो, लेकिन अब यह केस गुज़रे ज़माने की बात होकर रह गया लगता है।

सन 2002 के मार्च महीने की वह 6 तारीख ही थी, जिस रोज़ लखनऊ के गवर्नर हॉउस के बाहर विधायक मंजूर अहमद को गोली मारी गई थी। समाजवादी पार्टी ने उस रोज़ गवर्नर हॉउस पर अपने विधायकों का प्रदर्शन रखा था। समाजवादी पार्टी को सरकार बनाने का न्योता दिए जाने की मांग को लेकर सपा ने यह प्रदर्शन रखा था, और 2002 में बहेड़ी से तीसरी बार विधायक चुने गए, मंजूर अहमद उस प्रदर्शन में शामिल थे।


विधायक मंजूर अहमद फाइल फोटो

विधायकों के प्रदर्शन के दौरान ही उनके गोली लगी थी, और सिविल हॉस्पिटल में उनको मृत घोषित कर दिया गया था।

गर्वनर हाउस के सामने हुए इस कांड की खूब गूंज हुई थी। हालांकि गोली लगने के बाद मौके पर अभिषेक नाम का एक युवक पकड़ा गया था, और उसने शोहरत हासिल करने के लिए गोली मारने की बात कही, लेकिन यह एक सीधी-सपाट बात लोगों के गले नहीं उतरी थी। दूसरी तरफ सवाल यह भी था कि अगर विधायक मंजूर अहमद ही टारगेट थे, तो उनको मारने के लिए हाई सिक्योरिटी वाला इलाका गवर्नर हॉउस क्यों चुना गया। वह दारुलशफा से वहां तक रिक्शा पर बैठ कर गए थे। उस वक्त ही यह हादसा कोई हाई प्रोफाइल केस के रूप में माना जा रहा था, जिसका खुलासा हर कोई चाहता था, लेकिन आज तक इसका राज़ बाहर नहीं आ सका।

इस मामले में केस ने उस वक्त अलग मोड ले लिया था, जब विधायक मंजूर अहमद के बेटे ने 2002 के विधान सभा चुनाव में बीएसपी से इलेक्शन लड़ने वाले अताउर रहमान समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। बाद में इन लोगों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई जांच हुई, लेकिन सीबीआई ने इनको क्लीन चिट दे दी थी।

वकील साहब के नाम से मशहूर मंजूर अहमद 1989 में पहली बार विधायक बने थे। उस वक्त उन्होंने आज़ाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था, और कांग्रेस के विधायक बाबू अम्बा प्रसाद वर्मा को शिकस्त दी थी। इसके बाद 1993 में वह दोबारा विधायक बने, और इसके बाद तीसरी बार 2002 में उन्होंने जीत हासिल की थी। समाजवादी पार्टी की स्थापना के वक्त वह उससे जुड़े थे, और आखिर तक सपा से जुड़े रहे।

### अंजुम और अताउर के रिश्तों में जमी बर्फ 20 साल बाद पिघली, दोनों सियासी घराने एक हुए

विधायक मंज़ूर अहमद की हत्या के बाद उनके बेटे अंजुम रशीद ने अताउर रहमान समेत 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, तब से इनके बीच के रिश्तों में बर्फ जम गई थी। मंज़ूर अहमद की मौत के बाद हुए उपचुनाव में अताउर रहमान बीएसपी के टिकट पर चुनाव जीत गए थे। बीएसपी और बीजेपी ने मिलकर वह चुनाव लड़ा था और सपा के टिकट पर मंज़ूर अहमद की पत्नी मुमताज़ जहाँ चुनाव लड़ी थीं। इसके बाद 2012 में अताउर रहमान विधायक चुने गए। इन दोनों परिवारों में जमी बर्फ 20 साल बाद 2022 में पिघली, जब विधानसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने उतरे अताउर रहमान को अंजुम रशीद ने समर्थन दिया। दोनों के बीच हुए राज़ीनामे के बाद अंजुम के समर्थन से अताउर रहमान को बहेड़ी शहर में खास तौर पर पब्लिक का अच्छा समर्थन मिला, और अताउर चुनाव जीत गए। इसके बाद हुए नगर पालिका चुनाव में अताउर रहमान ने चेयरमैन का चुनाव लड़ रहे अंजुम रशीद को खुलकर चुनाव लड़ाया था। तभी से दोनों सियासी घरानों के बीच के रिश्तों में जमी बर्फ पिघल गई थी।

# पत्नी के अवैध संबंध के शक में युवक ने दी जान

## घरेलू कलह में एक युवक ने खुद पर डीजल डालकर लगा ली आग, दूसरे ने लगाया फंदा, भर्ती

संवाददाता बरेली

- **पत्नी से परेशान तीन घटनाओं में युवकों ने उठाया आत्मघाती कदम**
- **दो लोगों की बच गई जान परिजन ने भर्ती कराया**

**अमृत विचार :** क्षेत्र में घरेलू विवाद और पारिवारिक तनाव के चलते लगातार गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं। अलग-अलग स्थानों पर हुए तीन मामलों में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जबकि दो अन्य ने पत्नी से विवाद के बाद आत्मघाती कदम उठा लिया। समय रहते परिजनों के हस्तक्षेप से दोनों की जान बच गई, लेकिन घटनाओं ने परिवारों को झकझोर कर रख दिया। पुलिस ने मामलों की जांच शुरू कर दी है।

**पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाने की कोशिश, बची जान**

**मऊचंदपुर** थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर निवासी जीशान ने पत्नी से हुए विवाद के बाद शुक्रवार सुबह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने समय रहते उसे देख लिया और तुरंत दरवाजा तोड़कर फंदे से उतार लिया, जिससे उसकी जान बच गई।

इसके बाद परिजन उसे तुरंत ब्लॉक रामनगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया। पीएचसी प्रभारी डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि युवक को सुबह अस्पताल लाया गया था। परिजनों के अनुसार उपचार के बाद अब उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

### जेवर और एक बच्चे को लेकर पत्नी ने घर छोड़ा, युवक ने लगाई फांसी


मृतक रामसेवक

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव खजुआई में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव कमरे की बल्ली से साड़ी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक और चर्चा का माहौल है। मृतक की भाभी की ओर से थाने में दी गई तहरीर में बताया गया कि उसके देवर रामसेवक की पत्नी सीतारानी के चाल-चलन को लेकर परिवार में काफी समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि गांव के ही धर्मवीर पुत्र चंद्रपाल से उसके अवैध संबंध थे। परिजनों ने कई बार दोनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। तहरीर में यह भी कहा गया है कि सीतारानी अपने पति के साथ शराब का सेवन भी करती थी, जिससे घर में अक्सर तनाव बना रहता था। बताया गया कि 5 मार्च को सीतारानी अपने एक बच्चे को लेकर घर से चली गई, जबकि एक बच्चे को घर पर छोड़ गई। आरोप है कि वह घर में रखे कुछ रुपये और जेवरात भी साथ ले गई। इस घटना से आहत होकर रामसेवक ने आत्मघाती कदम उठा लिया। 6 मार्च की सुबह करीब छह बजे जब परिजन उसके घर पहुंचे तो रामसेवक कमरे की बल्ली से साड़ी के फंदे पर लटका मिला। यह देखकर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि पत्नी और उसके कथित प्रेमी के कारण मानसिक रूप से परेशान होकर रामसेवक ने यह कदम उठाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आंवला में पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने शरीर पर डीजल डालकर खुद को लगाई आग

**आंवला, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला भुर्जी टोला में पत्नी से कहासुनी के बाद एक युवक ने गुस्से में आकर खुद पर डीजल छिड़ककर आग लगा ली, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। मोहल्ला निवासी हलवाई रामप्रकाश ने बताया कि उनके पुत्र विकास चंद्रा उर्फ बिक्की (38) का पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी दौरान उसने आवेश में आकर अपने ऊपर डीजल छिड़क लिया और आग लगा ली। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि उस समय सीएचसी पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं थी, जिससे मरीज को अस्पताल भेजने में करीब आधा घंटा लग गया। बाद में एंबुलेंस पहुंचने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया।



## खेत में काम कर रही महिला को सांप ने डसा, मौत

**नवाबगंज, अमृत विचार:** खेत में गन्ना छीलने गई महिला को सांप के काटने से उसकी मौत हो गई। उपचार के दौरान शुक्रवार को उसने दम तोड़ दिया।


मृतक सुनीता

क्षेत्र के गांव फाजिलपुर निवासी विजय की पत्नी सुनीता (25) गुरुवार को गांव के एक किसान के खेत में गन्ना छीलने गई थी। इसी दौरान उसे सांप ने काट लिया। परिजन पहले उसे बिलासपुर के एक बाबा के पास ले गए, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। लोगों ने झांडफूंक कराने का सलाह दी। इस पर भी परिवार वालों ने अमल किया।

लेकिन कोई लाभ नहीं हो पाया। इसके बाद परिजन और ग्रामीणों ने शुक्रवार को हालत बिगड़ने पर उसे कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के ढाई वर्ष और डेढ़ वर्ष के दो छोटे बच्चे हैं।

## तेजाब पीने से युवती की मौत, हत्या का आरोप


घटना की जानकारी देते मृतका के परिजन । ● अमृत विचार

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचार :** अपने से दोगुनी उम्र के युवक से प्रेम विवाह करने वाली युवती की तेजाब पीने से मौत हो गई। मायके वालों ने दस लाख रुपये न देने पर तेजाब पिलाकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता लक्ष्मण प्रसाद ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज हत्या की तहरीर दी है।

भोजीपुरा के गांव सुरला निवासी लक्ष्मण प्रसाद सागर की पुत्री गायत्री को सात माह पूर्व गांव का ही दोगुनी उम्र का युवक राकेश गंगवार फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने उत्तराखंड से दोनों को पकड़ लिया था। गायत्री ने पुलिस और परिजनों के समक्ष प्रेमी के साथ रहने की बात कही थी। पुलिस ने लिखा-पढ़ी के बाद लड़की को राकेश के साथ भेज दिया और गायत्री प्रेम विवाह कर राकेश के साथ रहने लगी थी। राकेश पहले से विवाहित था। पत्नी वीरबाला ने भी शादी का विरोध किया था। आरोप है कि दहेज के दस लाख रुपये देने की मांग पूरी न होने पर शुक्रवार सुबह राकेश और परिजनों ने एकराय होकर गायत्री को तेजाब पिला दिया।

हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया। इलाज के दौरान गायत्री की दो बजे मौत हो गई। ससुराल वाले शव को मेडिकल कॉलेज में ही छोड़कर फरार हो गए। शाम को सूचना पर मृतका के मायके वाले मेडिकल कॉलेज पहुंचे और भोजीपुरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## रहस्मयी परछाईं बनी चर्चा का विषय

**मीरगंज, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के मनकरा गांव में बीती रात एक बंद दुकान के सीसीटीवी कैमरे में रहस्यमयी परछाई कैद हुई। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। गांव मनकरा निवासी एवेरन गंगवार की गांव में ही ऑनलाइन कैफे की दुकान में यह परछाई कैद होने का दावा किया जा रहा है। एवेरन गंगवार अपनी ऑनलाइन कैफे की दुकान रात में बंद कर घर चले गए थे। देर रात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में एक परछाई जैसी आकृति दिखाई दी। फुटेज के अनुसार, यह परछाई दुकान के शीशे के पास आती हुई दिखी और ऐसा प्रतीत हुआ जैसे वह शीशे से सिर टकरा रही हो।

# कैंटीन के चाकू से रेता अपना गला

संवाददाता, दुनका

- **साथियों के साथ दिल्ली से लौट रहा था दुनका का युवक**
- **हापुड़ पुलिस कर रही आत्महत्या के कारणों की जांच**

**अमृत विचार :** दिल्ली से हेयर सैलून का काम करके साथियों के साथ घर लौट रहे दुनका निवासी सलमान ने हापुड़ में एक रेस्टोरेंट में कैंटीन से चाकू उठाकर स्वयं गला रेत कर आत्महत्या कर ली। हापुड़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया सूचना पर परिवार में कोहराम मचा है।


मृतक सलमान।

शाही थाना क्षेत्र के दुनका निवासी स्वर्गीय अहमद जान के पुत्र सलमान दिल्ली में हेयर सैलून का काम करते था। शुक्रवार सुबह दिल्ली से वापस अपने घर दुनका आने के लिए सभी साथियों के साथ निकले थे साथी हापुड़ के अठसैनी स्थित रेस्टोरेंट में खाना खाने के लिए रुके थे। देखते ही देखते सलमान खाना बनाने वाली कैंटीन के पास जा पहुंचा जहां पर रख धारदार चाकू को उसने अचानक अपने हाथ में लेकर स्वयं अपनी गर्दन पर वार करके अपना गला रेत लिया और भाग कर एक गाड़ी के पास जा गिरा जहां पर उसकी मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना को देखकर मौके पर अफरातफरी मच गई। कोई समझ भी नहीं पाया कि ऐसा क्या हो गया कि वारदात जानलेवा बन गई। लोगो का कहना था कि सभी साथी बिना किसी तनाव के रेस्टोरेट में आये थे। किसी को देखकर भी नही लग रहा था कि कोई तनाव में है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया दुनका निवासी सलमान सलमानी दिल्ली के सफदरगंज क्षेत्र में सैलून का काम करता था। वह अपने कुछ साथियों के साथ दिल्ली से अपने घर दुनका लौट रहा था। घटना से वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी पूरी घटना कैद हो गई। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर

संवाददाता, मीरगंज

- **पुलिस ने दोनो पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया**

**अमृत विचार:** गुरुवार को थाना क्षेत्र के लभेड़ा दुर्गाप्रसाद गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई।

मंदिर के पास दिनदहाड़े हुई इस घटना में ईंट पत्थर, लाठी-डंडों और लोहे की रॉड का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष से अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मार्च की दोपहर वह अपने भतीजे विपिन के साथ मंदिर के पास बैठे थे। तभी गांव के रामकरन, सोमपाल, कृष्णपाल और घनश्याम वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

दूसरे पक्ष से कृष्णपाल ने भी पुलिस को तहरीर दी है। कृष्णपाल के अनुसार, विपक्षी अनिल, कृष्णपाल, पवन और दिनेश ने बिना किसी कारण गाली-गलौज की। जब उनके पुत्र अनुज ने इसका विरोध किया, तो चारों ने मिलकर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए कृष्णपाल को भी चोटें आईं। थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि दोनों ओर से मिली शिकायतों के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है और दोषियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## अश्लील गाना बजाने से मना करने पर युवक को पीटा

**क्योलडिया :** थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर तुलसी पटटी के पूर्व बीडीसी सूर्यकुमार ने गांव में बज रहे डीजे में अश्लील गाने बजाने से मना किया जिस पर दबंग अमित कुमार, विकास बाबू, सुमित कुमार, आकाश एवं दो अज्ञात लोग आग बबूला हो गए और उसे पकड़कर लाठी डंडों से जमकर पिटाई लगाई। किसी तरह युवक दबंगों के चुंगल के छूटकर अपने घर पहुंचा तो यह दबंग उसके घर में घुस गए और घर पर भी मारपीट करने लगे चीखने चिल्लाने पर गांव वाले इकट्ठे हो गए इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर दी। पुलिस ने सभी नामजद आरोपीयो के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**भुता :** थाना क्षेत्र के गांव खरगापुर निवासी सुधीर को पुलिस ने एक तमंचा व 315 बोर का कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002


# अनदेखी का शिकार हो गई गुरुकुल वाटिका

- **वाटिका का उद्घाटन करने के बाद भूल गए जिम्मेदार**
- **ओपन स्टडी प्वाइंटों पर जमी धूल बदहाली बयां कर रही**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक परिसर में उतारने का दावा करने वाली रुहेलखंड विश्वविद्यालय की गुरुकुल वाटिका खुद के अस्तित्व के लिए जूझ रही है। विश्वविद्यालय परिसर में केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के ठीक सामने स्थित गुरुकुल वाटिका, जो कभी छात्रों के लिए नेचर क्लासरूम की तरह बनने वाली थी। अब वह प्रशासनिक उपेक्षा और धूल का पर्याय बन चुकी है। उद्घाटन के बाद से ही यहां कोई भी कक्षा या शैक्षणिक गतिविधि आयोजित नहीं की गई है।


रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्थित गुरुकुल वाटिका और वाटिका में बने ओपन स्टडी प्वाइंट। ● अमृत विचार

रुहेलखंड विश्वविद्यालय में गुरुकुल वाटिका का लोकार्पण छह वर्ष पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया था। परमार्थ निकेतन के स्वामी चिदानंद सरस्वती और तत्कालीन कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला ने वाटिका को विश्वविद्यालय की बड़ी उपलब्धि बताया था। उद्घाटन के कुछ समय बाद तक यहां एक दो कार्यक्रम हुए, लेकिन उसके बाद यह वाटिका अनदेखी का शिकार हो गई।

वाटिका में घने पेड़ों के बीच छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए तीन अर्ध-गोलाकार प्लेटफॉर्म को ओपन स्टडी प्वाइंट के रूप में विकसित किया गया था, ताकि छात्र-छात्राएं खुली हवा और प्राकृतिक वातावरण में बैठकर अपनी पढ़ाई कर सकें। आज रखरखाव नहीं होने के बाद ओपन स्टडी प्वाइंट भी बदहाल होते जा रहे हैं। सीटें गंदी होने के कारण छात्र-छात्राएं वहां बैठने से परहेज कर रहे हैं।

इस संबंध में विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विनय वर्मा का कहना है कि आज छात्र-छात्राएं डिजिटल लाइब्रेरी को अधिक पसंद कर रहे हैं। इसके कारण गुरुकुल वाटिका में ओपन स्टडी प्वाइंट का कोई प्रयोग नहीं करता है।

## मजदूर की आत्महत्या में ठेकेदार पर केस

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** गांव मटकुला निवासी मजदूर दीपांकर मिश्रा की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने पांच दिन बाद पत्नी की तहरीर पर ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पत्नी के अनुसार दीपांकर 12 दिसंबर को ठेकेदार हरपाल निवासी डडिया के माध्यम से आंध्र प्रदेश मजदूरी करने गए थे। आरोप है कि ठेकेदार फैक्ट्री मालिक से मजदूरों के पैसे लेकर फरार हो गया, जिससे मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल सकी। आर्थिक तंगी और होली पर घर खर्च के लिए पैसे न होने से परेशान होकर दीपांकर ने 2 मार्च को आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर ठेकेदार हरपाल के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एल.एल.बी. की उपाधि वर्ष 2021 जोकि लॉर्ड महावीरा कॉलेज ऑफ लॉ, मुरादाबाद द्वारा जारी की गई थी वास्तव में कहीं खो गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। उदित गुप्ता पुत्र ओम प्रकाश गुप्ता निवासी 30, तिलक नगर कालोनी, जिला रामपुर-244901

### सूचना

मैंने अपने पुत्र ताहिर खाँ के गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरा कोई वास्ता नहीं होगा। **साबिर खाँ पुत्र याकूब खाँ निवासी ग्राम- खजुरिया सैदपुर थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।**


**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

